आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए बढ़ने लगी राजनीतिक सरगर्मियां– प्रचार में जुटीं भाजपा व कांग्रेस।
- वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास कार्य ठप्प करने का लगाया आरोप।
- वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास को बताया कांग्रेस की देन–पार्टी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया एकता का पाठ।
- राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू के 4 से 8 मई तक शिमला के प्रस्तावित दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने तैयारियों का लिया जायजा।

..............

चुनाव

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दोनों ही प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा ने एक ओर जहां लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं वहीं कांग्रेस ने अभी तक लोकसभा की दो और तीन विधानसभा सीटों पर ही अपने प्रत्याशी उतारें हैं। कांगड़ा व हमीरपुर संसदीय सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय करने के लिए कांग्रेस पार्टी मंथन कर रही है। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में पार्टी द्वारा सभी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। राज्य में चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए सात मई को अधिसूचना जारी की जाएगी और इसी दिन से नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 14 मई तक अपने नामांकन भर सकेंगे। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 17 मई तक इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर व धर्मपुर में चुनावी कार्यक्रमों को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सभी विकास कार्य ठप्प कर दिए हैं और कांग्रेस हमेशा विकास की गाड़ी को पीछे ले जाती है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश में उल्लेखनीय विकास कार्य करवाएं हैं। इनमें बिलासपुर का एम्स अस्पताल, केंद्रीय विश्वविद्यालय, ट्रिप्पल आईटी, हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज और पी.जी.आई. सैटेलाईट सेंटर मुख्य रूप से शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल में पिछले 10 वर्ष में रेल विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है और देश की चौथी वंदे भारत रेलगाड़ी ऊना से शुरू की गई है जो साढ़े चार घंटे में दिल्ली पहुंचा देती है। इसके अलावा देश के कई धार्मिक स्थलों के लिए भी ऊना से विशेष रेल गाड़ियां चलाई जा रही हैं। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही वोट बैंक साधने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत भाजपा सबका साथ–सबका विकास के मूल मंत्र के साथ कार्य करती है और पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

मुख्यमंत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए वचनबद्ध है और विकास में धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। केलंग में आज पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लाहौल स्पीति में विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी हाईकमान द्वारा जल्द ही प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी और सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव जिताने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर धन बल से लोकतंत्र को कमजोर करने की नाकाम कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लाहौल स्पीति प्रदेश का पहला ज़िला है जहां महिलाओं को सम्मान निधि के रूप में 15 सौ रुपये देने की शुरूआत की गई।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि देश में इस समय मोदी लहर चल रही है और जनता नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। रिकांगपिओ में आज पार्टी के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में मोदी सरकार ने देश के हर क्षेत्र का विकास किया है और सीमावर्ती क्षेत्रों में

कई विकास योजनाएं चलाई गई हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में पिछले 10 वर्ष में जो विकास हुआ है, वो पिछले 70 वर्षों में नहीं हो पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं किया है और पूर्व भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं भी बंद कर दी है। विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस ने एक लाख नौकरियां देने का वायदा किया था लेकिन अभी तक एक भी सरकारी नौकरी नहीं दी है। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वो जनता की हर समस्या को पुरजोर ढंग से केंद्र के समक्ष उठाएंगी।

रोहित ठाकुर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में राज्य सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा के मामले में देशभर में हिमाचल की रैंकिंग 18वें स्थान पर पहुंच गई थी, जिसे सुधारने के प्रयास जारी है। रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने इस शैक्षणिक सत्र में प्रदेश के 8 सौ 50 स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है और इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम और अन्य सुविधाएं शुरू की जाएंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के 6 हजार से अधिक प्राथमिक स्कूलों में प्री–नर्सरी कक्षाएं शुरू की गई हैं।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू के 4 से 8 मई तक शिमला के प्रस्तावित दौरे को लेकर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने शिमला के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू और शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति संकटमोचन और तारा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति शिमला के रिज मैदान और गेयटी थियेटर सहित अन्य मुख्य स्थानों का दौरा भी करेंगी।

नई सब्जी घरकीन

चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में एक नई सब्जी फसल घरकीन को किसानों के लिए सफलतापूर्वक तैयार किया है। कुलपति डॉक्टर डी.के. वत्स ने आज

पालमपुर में बताया कि घरकीन बागवानी फसलों की खीरा परिवार किस्म से संबंधित एक गर्म मौसम की सब्जी है और इसकी खेती मुख्य रूप से अफ्रीका, ब्राजील, संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के कई राज्यों में की जाती है। कुलपति ने कहा कि घरकीन को पेट दर्द, पीलिया, बवासीर के ईलाज और गुर्दे में पत्थरी बनने से रोकने के लिए औषधीय रूप में पारम्परिक महत्व के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए ये एक नई किस्म है और इससे किसानों को अपनी कृषि आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

दुर्घटना

शिमला ज़िले में ठियोग के क्यारटू में बीती रात एक कार के खाई में गिरने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। ये कार क्यारटू से धर्मपुर की ओर जा रही थी और अचानक डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। युवकों की पहचान अंकुश और अभिषेक के रूप में की गई है। घायलों का आईजीएमसी शिमला में ईलाज चल रहा है।

इस बीच जुब्बल उपमंडल के सनेल में आज राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर भारी मलबा गिरने से एक वाहन के इसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। इनकी पहचान रोहडू तहसील के सतीश कुमार और विशम्बर शर्मा के रूप में की गई है।

उधर बिलासपुर ज़िले में घ्याणा पुल पर आज राज्य परिवहन निगम की एक बस के गिरने से 10 लोग घायल हो गए। इनमें बस के चालक व परिचालक भी शामिल हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और प्रशासन की ओर से उन्हें फौरी राहत दी गई हैं

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि भारत आज विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन रहा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा हालही में विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर आंकड़े जारी किए गए हैं, जिसमें भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 5वें सप्ताह बढ़ौतरी देखने को मिली है। बिंदल ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की तस्वीर साफ झलकती है।

सीपीएस

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर और आशीष बुटेल ने प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए भाजपा के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। शिमला से जारी एक बयान में

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए अंतिम वर्ष में सरकारी खजाने का जमकर दुरूपयोग किया और वर्ष 2022–23 के अंत तक प्रदेश पर 92 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज व देनदारी थी। इन नेताओं ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने आर्थिक नीतियों में सुधार किया जिसके कारण राजस्व में 2 हजार दो सौ करोड़ रुपये की बढ़ौतरी हुई।

पन्ना प्रमुख

शिमला के चौड़ा मैदान में आज भाजपा शिमला मंडल का पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया गया। पार्टी प्रवक्ता और विधायक बलवीर वर्मा ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के दम पर भाजपा सभी 68 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल करेगी और एक बार फिर प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर पार्टी की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी को जीत दिलाने का जिम्मा पन्ना प्रमुखों का है और इसके लिए सभी को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। बलवीर वर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक राज्य सरकार ने अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं की है।

मौसम

लाहौल स्पीति सहित राज्य के कुछ अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले 24 घंटों में हल्का हिमपात हुआ है, जबकि इस दौरान प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा मौसम विभाग ने कल 29 अप्रैल को कुछ क्षेत्रों में आंधी–तूफान के साथ भारी वर्षा व ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

............